खुलासा बिलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित गैस गोदाम से चोरी गए थे सिलेंडर, खरीदने वाला कबाड़ी भी गिरफ्तार

गैस सिलेंडर चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी अंतर्गत स्थित गैस गोदाम से गैस सिलेंडर चोरी करने के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने गैस सिलेंडर चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों और चोरी का सिलेंडर खरीदने वाले एक कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 57 सिलेंडर और एक पिकअप वाहन बरामद किया गया है। पुलिस कंट्रोल में आयोजित पत्रकारवार्ता में पुलिस मुख्यालय डीएसपी रत्नेश मिश्रा ने बताया कि 17 जनवरी 2026 की रात बिलहरी स्थित भारत गैस गोदाम से 44 सिलेंडर चोरी हुए थे। इस वारदात के बाद पुलिस की टीमें लगातार चोरों की तलाश कर रही थीं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कन्हवारा-विजयराघवगढ़ रोड पर एक संदिग्ध पिकअप गाड़ी को घेराबंदी कर रोका। वाहन चला रहे सन्नी दाहिया से जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की कई वारदातों को स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर अब तक 57 गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। इनमें भारत गैस के 24, इंडेन के 28 और एचपी के 3 सिलेंडर शामिल हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल होने वाली एक पिकअप और एक पल्सर बाइक भी जब्त की है। बरामद किए गए सिलेंडरों और पिकअप वाहन की कीमत करीब 14 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपियों ने बताया कि वे बिलहरी के अलावा बड़वारा और एनकेजे क्षेत्र के गोदामों को भी निशाना बना चुके हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के कछगवां निवासी सन्नी दाहिया, कुठला थाना क्षेत्र के छैघरा गांव निवासी मनोज उर्फ रोहित यादव, संदीप काछी, कुठला थाना क्षेत्र के बीकला गांव निवासी सलोक कुशवाहा और कुठला थाना क्षेत्र के जोबीकला गांव निवासी जयदेव पटेल शामिल हैं। वहीं चोरी के सिलेंडर खरीदने के आरोप में कुठला थाना अंतर्गत लमतरा क्षेत्र निवासी कबाड़ी नासिर हुसैन को भी पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि गिरोह से अभी 47 और सिलेंडरों की बरामदी की जाना है, जिसके लिए आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

कार्रवाई में कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, बिलहरी चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पांडेय, साइबर सेल आरक्षक अजय शंकर साकेत, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र यादव, भरत विश्वकर्मा, संतोष प्रजापति, आरक्षक लव उपाध्याय, सौरभ जैन, दिलकेश्वर, संदीप भलावी, बड़वारा थाना प्रभारी बड़वारा केके पटेल, एएसआई रामनाथ साकेत, प्रधान आरक्षक पवन, लालजी यादव, आरक्षक गौरीशंकर, शिव कुमार भूमिका रही। पूरी कार्रवाई एसपी के निर्देशन में की गई है।

भविष्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा आम बजट

बजट में रखा गया हर वर्ग के लोगों का ध्यान

नवभारत, कटनी। जिला भाजपा कार्यालय में रविवार को बजट का सीधा प्रसारण देखने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जैन ने इसे महिलाओं के लिए कल्याणकारी और सशक्त करने वाला बताया। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी ने इसे व्यपारियों के लिए उन्नति प्रदान करने वाला बजट बताया। जिला उपाध्यक्ष रवि खरे ने इसे सर्व स्पर्शी सर्व समावेशी हर वर्ग के लिए हितकारी निरूपित किया। जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी ने इसे भारत के विकास के लिए मील बताया वहीं सह कार्यालय मंत्री ऋचा गेलानी ने इसे प्रत्येक वर्ग के लिए लाभकारी बजट साबित किया। आशीष गुप्ता ने लघु मध्यम उधोग के लिए इसे सार्थक बजट बताते हुए व्यवसाय के लिए लाभ वाला निरूपित किया। जिला मंत्री वागीश आनंद ने इसे रोजगार मूलक और व्यवसाय को नई गति प्रदान करने वाला बजट बताया। इसी तरह वरिष्ठ नेता सुरेश रोचलानी ने बजट को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक बजट बताया। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट 2026 को लेकर जिले के जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों ने इसे जनहित, विकास और आत्मनिर्भर भारत की सोच को साकार करने वाला बजट बताया है। नेताओं ने कहा कि यह बजट किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और शहरी-ग्रामीण विकास सभी को संतुलित रूप से आगे बढ़ाने वाला है। भाजपा नेताओं ने इस शानदार बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए इसे विकसित भारत की बुनियाद के रूप में प्रतिपादित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन ने आम बजट को जनकल्याणकारी और भविष्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बताया।

उन्होंने कहा कि बजट में बुनियादी ढांचे, रोजगार सृजन और आर्थिक स्थिरता पर विशेष फोकस किया गया है। यह बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और मजबूत कदम है। विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने बजट को विकास और विश्वास का दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अधोसंरचना पर किए गए प्रावधान देश के समग्र विकास को नई गति देंगे। यह बजट गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के जीवन स्तर को ऊपर उठाने वाला है। मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि आम बजट युवाओं और उद्यमियों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलता है। स्टार्टअप, एमएसएमई और रोजगार को बढ़ावा देने वाले प्रावधान भारत को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाएंगे।

बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे ने आम बजट को समावेशी विकास का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर दिया गया जोर गांव और शहर के बीच की दूरी को कम करेगा। बड़वारा विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह बजट आर्थिक अनुशासन और विकास के बीच संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण है। निवेश को प्रोत्साहन देने और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने वाले प्रावधान देश को दीर्घकालिक लाभ देंगे। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने आम बजट को शहरी विकास को नई दिशा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी, स्वच्छता, आवास और नगरीय सुविधाओं पर किए गए प्रावधानों से आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा कि आम बजट नगर निकायों को सशक्त करने वाला है। उन्होंने कहा कि स्थानीय विकास, स्वच्छता और अधोसंरचना से जुड़े प्रावधान शहरी प्रशासन को और मजबूत बनाएंगे। पूर्व महापौर सीए शशांक श्रीवास्तव ने आम बजट को आर्थिक मजबूती और दीर्घकालिक विकास की स्पष्ट रूपरेखा बताया। उन्होंने कहा कि वित्तीय अनुशासन के साथ विकास को साधने वाला यह बजट भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ाएगा।

एक नजर में

पारदर्शिता के लिए खाद वितरण में लागू की जाएगी ई-विकास प्रणाली

नवभारत, कटनी। किसानों की सुविधा के लिए उर्वरक वितरण ई-विकास प्रणाली लागू की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना होगा और मोबाईल व कियोस्क सेंटर के माध्यम से वे अपना ई-टोकन प्राप्त कर सकेंगे। ई-विकास प्रणाली में ई-टोकन प्राप्त करने के लिए किसान ई-विकास प्रणाली पोर्टल पर अपने आधार नंबर और मोबाइल ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीयन होते ही पोर्टल में स्वत: ही के माध्यम से किसान की भूमि की जानकारी प्रदर्शित हो जाएगी। किसानों को प्रदर्शित भूमि की जानकारी के अनुसार खसरा अनुसार बोई गई फसलों की जानकारी स्वयं ही दर्ज करनी होगी। भूमि के रकबे और दर्ज की गई फसल की जानकारी के आधार पर पोर्टल स्वत: ही वैज्ञानिक अनुशंसा अनुसार उर्वरक की गणना कर किसान को आवश्यक उर्वरक की मात्रा प्रदर्शित हो जाएगी। प्रदर्शित उर्वरक की मात्रा अनुसार किसान अपनी सुविधा अनुसार नजदीकी खाद विक्रय केंद्र का चयन कर डिजिटल ई-टोकन जनरेट कर सकेंगे। किसान यह भी चयन करेंगे कि वे सहकारी समिति के सदस्य है कि नहीं। वे सहकारी समिति के सदस्य है तो वे सहकारी समितियों का विकल्प चयन कर ई-टोकन प्राप्त कर सकेगें। जबकि, सहकारी समिति के सदस्य न होने की दशा में नहीं का चयन कर अन्य नगद उर्वरक विक्रेताओं का चयन कर ई-टोकन जनरेट कर सकेगें। ई-टोकन जनरेट होने के बाद किसान को निर्धारित तिथि से 3 दिन के भीतर खाद उठाना अनिवार्य है। तीन दिन बाद खाद नहीं लेने पर ई-टोकन स्वत: निरस्त हो जाएगा किसान दोबारा ई-टोकन जनरेट कर खाद प्राप्त कर सकेगें। पात्रता अनुसार एक किसान एक माह में अधिकतम 50 बोरी उर्वरक प्राप्त कर सकता है। दोबारा खाद की आवश्यकता होने पर 30 दिन के अंतराल के बाद ही अगला टोकन बुक किया जा सकेगा। किसान पोर्टल पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से जानकारी दर्ज करेगें।

शिक्षा ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत नींव है

नोबिल हार्ट स्कूल में वार्षिकोत्सव का किया गया आयोजन

नवभारत, कटनी। नोबल हार्ट पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए भव्य उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कटनी एएसपी संतोष डेहरिया उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में यातायाता थाना प्रभारी राहुल पांडे, विशेष अतिथि के रूप में कटनी बीआरसी मनोज गौतम की उपस्थिति रही। उत्सव कार्यक्रम के दौरान नन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने सराहा। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में मुख्य अतिथियों द्वारा बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में नव्या गर्ग, दीपांशु चौबे, अशांक गुप्ता शामिल रहे। वहीं कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ध्रुव तिवारी, वशिष्ठ गुरु, गणेश लोधी सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक स्तर से ही बच्चों में अनुशासन, नैतिक मूल्यों और मेहनत की आदत डाली जाए, तो वे भविष्य में किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने छात्रों से लक्ष्य निर्धारित कर लगातार परिश्रम करने की बात कही। उन्होने अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि राहुल पांडे और बीआरसी मनोज गौतम ने भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के संचालक अनिल गर्ग, प्राचार्य श्रीमती रचना गर्ग, समस्त शिक्षकों ने कार्यक्रम में अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

खड़े ट्रक में पीछे से टकराई एक्टिवा, दो युवक गंभीर

बड़वारा थाना क्षेत्र के मझगवां के पास हुआ हादसा

नवभारत, कटनी। जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र के मझगवां में रविवार शाम एक सड़क हादसे में दो युवक घायल हो गए। राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर बरही तिराहे के पास एक तेज रफ्तार एक्टिवा सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में एक्टिवा सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों युवकों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि दुर्गा चौक निवासी मोहित राय और ग्राम देवरी निवासी ओमप्रकाश पटेल एक्टिवा से बड़वारा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मझगवां के पास बरही तिराहे पर एक गाय सामने आ गई। जिसे बचाने के प्रयास में उनकी एक्टिवा खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि एक्टिवा के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवक सड़क पर लहूलुहान हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और वहां से गुजर रहे लोगों ने तत्काल मदद की और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों युवकों के सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोट आई है।

व्हॉटसअप लिंक पर ओके लिखते ही एकाउंट से निकल गए 86 हजार रूपए

पुलिस ने शिकायत के बाद शुरू की मामले की जांच

नवभारत, कटनी। रेलवे कर्मचारी के साथ व्हाटसअप लिंक भेज कर 87 हजार रूपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि रेलवे के डीजल शेड में कार्यरत सुशील हलदकार कलेक्ट्रेट के सामने स्थित एटीएम से रूपए निकालने गए थे। इसी दौरान उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को सुशील का रिश्तेदार बताया। बातों-बातों में उसने सुशील को विश्वास में लिया और कहा कि उसने उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा है। ठग ने दावा किया कि उस लिंक के जरिए पैसा ट्रांसफर किया गया है और सुशील को बस उस पर ओके करना है। जैसे ही सुशील ने अपने कथित रिश्तेदार की बात पर भरोसा कर व्हाट्सएप लिंक को ओपन किया और ओके बटन दबाया, कुछ ही पलों के भीतर उनके मोबाइल पर बैंक से पैसे कटने का मैसेज आ गया। सुशील के होश तब उड़ गए जब उन्होंने देखा कि उनके खाते से 87,000 रुपए निकल गए हैं। ठगी का पता चलते ही पीड़ित ने बिना देरी किए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद उन्होंने स्लीमनाबाद थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल साइबर विभाग से संपर्क किया और पीड़ित को आधिकारिक साइबर क्राइम पोर्टल पर भी आवेदन करने की सलाह दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

अग्रवाल समाज के चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए पवन मित्तल

अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों का कराया गया निर्वाचन

नवभारत, कटनी। स्थानीय अग्रवाल समाज के वार्षिक चुनाव उत्साहपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न हुए। इस चुनाव में समाज के प्रबुद्ध जनों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से अपनी नई कार्यकारिणी का चयन किया। चुनाव परिणामों की घोषणा के साथ ही समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई। चुनाव में एकता और सर्वसम्मति की मिसाल पेश करते हुए पवन मित्तल को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में सुरेश चंद्र अग्रवाल को भी सर्वसम्मति से निर्विरोध कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। अग्रवाल समाज के इस चुनाव में विभिन्न पदों के लिए हुए मतदान के परिणाम बेहद उत्साहजनक रहे। उपाध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबले में अनूप अग्रवाल ने सर्वाधिक 91 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की, वहीं कन्छेदी अग्रवाल भी 68 वोट पाकर विजयी घोषित हुए। इस पद पर कमल राज अग्रवाल को 58 वोटों के साथ हार का सामना करना पड़ा। सचिव पद की जिम्मेदारी आनंद राज अग्रवाल को सौंपी गई, जिन्होंने 73 वोट हासिल कर श्याम बिहारी अग्रवाल को पराजित किया, जिन्हें 53 वोट मिले। सबसे रोचक मुकाबला सहसचिव पद के लिए देखा गया, जहां सत्यम मोदी अग्रवाल 78 वोट और सागर अग्रवाल 77 वोट लेकर विजयी रहे, जबकि विवेक अग्रवाल को 50 और शरद अग्रवाल को 42 वोटों से संतोष करना पड़ा। प्रचार सचिव के पद पर वैभव अग्रवाल ने 95 वोटों के बड़े अंतर से जीत हासिल की और सुनील अग्रवाल को शिकस्त दी।

अंत में आय-व्यय निरीक्षक के पद के लिए शैलेष अग्रवाल ने 71 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त की।

नन्हें-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

एसबीपी विद्या मंदिर में आयोजित किया गया वार्षिकोत्सव

नवभारत, बाकल। एसबीपी विद्या मंदिर मोहाई, बहोरीबंद में विद्यालय का 1वां वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता ओबीसी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राकेश सिंह लोधी ने की। कार्यक्रम को सफल और प्रभावी बनाने में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनिता पटेल, विद्यालय के संचालक डॉ नारायण पटेल, प्राचार्य विनोद कुमार विश्वकर्मा का मार्गदर्शन सराहनीय रहा। वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य, देशभक्ति गीत एवं शिक्षाप्रद नाटकों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा का महत्व, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का सशक्त संदेश दिया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इन प्रस्तुतियों को तैयार कराने में विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाओं रागनी, रश्मि, आराध्या, रुचि, विकास यादव, साक्षी सहित पूरे स्टाफ का योगदान रहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल, जिला पंचायत सदस्य अजय गोटियां, चंदन सिंह, डॉ. मंसूरी, नफीश खान, विनोद पाटकर, गुमान सिंह, श्रीमती रजनी पटेल, श्रीमती साफिया मंसूरी, अनिल यादव सहित काफी संख्या में अभिभावक और क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमल सिंह द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में देवेंद्र पटेल और श्रीमती काजल विश्वकर्मा का विशेष सहयोग रहा। अंत में विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों और उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

समीक्षा परामर्श दात्री समिति और जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक में कलेक्टर ने की योजनाओं की समीक्षा

वित्तीय वर्ष में सरकारी ऋण योजना के लक्ष्य को हर हाल में किया जाए पूरा

नवभारत, कटनी। वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पूर्व सभी विभाग और बैंकर्स स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं के लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। साथ ही योजनांतर्गत ब्याज अनुदान की राशि क्लेम करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने ये निर्देश जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति और जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक में दिए। बैठक में शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शासन द्वारा प्रदाय लक्ष्यों में पिछड़ने वाली बैंकों को स्थिति में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत ब्याज अनुदान क्लेम करने के लिए सभी बैंकर्स को निर्देशित किया। बैठक में सभी बैंकों को निर्देशित किया गया कि वे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा प्रकरण स्वीकृत करें और जो प्रकरण वितरण के लिए लंबित है, उनमें जल्द ऋण वितरण की कार्रवाई कराएं। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के लक्ष्यों के अनुरूप लक्ष्यपूर्ति करने की भी हिदायत दी। कलेक्टर ने पीएमएफएमई योजना की प्रकरणवार समीक्षा की और सभी बैंकर्स को लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मत्स्य विभाग की समीक्षा करते हुए विभाग को बैंको से समन्वय करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के केसीसी प्रकरणों में सभी बैंकों को निर्देश दिए कि ब्रांच में लंबित केसीसी के प्रकरण जल्द से जल्द स्वीकृत कर ऋण वितरण करें। उन्होंने अधिक से अधिक प्रकरण तैयार कर बैंकों को प्रेषित किए जाने के लिए भी विभाग को निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने अंत्यावसायी और अनुसूचित जाति जनजाति विभाग को अधिक संख्या में ऋण प्रकरण बैंको की ओर भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अग्रणी जिला प्रबंधक एम किंडो सहित पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी सहित अन्य विभागों के अधिकारी, नोडल प्रतिनिधि, बैंकर्स और बीमा कंपनी के ब्रांच मैनेजरों की उपस्थिति रही।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेटकी सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024